फा.सं.12/1/2018-प्रशासन भाग-1
भारत सरकार
संसदीय कार्य मंत्रालय

94, संसद भवन,
नई दिल्ली-110001
तारीख: 10.07.2023

<u>कार्यालय ज्ञापन</u>

विषयः संसदीय कार्य मंत्रालय के संबंध में जून, 2023 का मासिक सारांश।

अधोहस्ताक्षरी को इसके साथ संसदीय कार्य मंत्रालय के जून, 2023 माह के मासिक सारांश की प्रति अग्रेषित करने का निदेश हुआ है।

ह./-
(पी.के. त्रिपाठी)
अवर सचिव, भारत सरकार
011-23034746

संलग्नक: यथोपरि

सेवा में

1. मंत्रिपरिषद के सभी सदस्य।
2. मंत्रिमंडल सचिवालय, राष्ट्रपति भवन, नई दिल्ली।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को भी प्रेषित:

1. अध्यक्ष, संघ लोक सेवा आयोग, धौलपुर हाउस, शाहजहां रोड, नई दिल्ली।
2. राष्ट्रपति जी के सचिव, राष्ट्रपति भवन, नई दिल्ली।
3. उप-राष्ट्रपति जी के सचिव, मौलाना आज़ाद रोड़, नई दिल्ली।
4. निदेशक, मंत्रिमंडल सचिवालय, राष्ट्रपति भवन, नई दिल्ली।
5. भारत सरकार के सभी सचिव।
6. संसदीय कार्य मंत्री के निजी सचिव/विशेष कार्याधिकारी।
7. संसदीय कार्य राज्य मंत्रियों के निजी सचिव/विशेष कार्याधिकारी।
8. सचिव/अपर सचिव के निजी सचिव।

**भारत सरकार**
**संसदीय कार्य मंत्रालय**

**विषय: संसदीय कार्य मंत्रालय का जून, 2023 का मासिक सारांश।**

1. **माह के दौरान महत्वपूर्ण नीतिगत निर्णय/प्रमुख उपलब्धियां:-**

- **मंत्रिमंडल की संसदीय कार्य संबंधी समिति (सीसीपीए) की बैठक**

मंत्रिमंडल की संसदीय कार्य संबंधी समिति ने मानसून सत्र, 2023 को बुलाने के संबंध में नोट संख्या 04/2023 दिनांक 19 जून, 2023 पर विचार करने के लिए 19 जून, 2023 को एक बैठक आयोजित की और यह अनुमोदित किया कि संसद के दोनों सदनों को गुरुवार, 20 जुलाई, 2023 को इसके मानसून सत्र, 2023 के लिए बुलाया जाए और सरकारी कार्य की अत्यावश्यकताओं के अधीन रहते हुए सत्र को शुक्रवार, 11 अगस्त, 2023 को समाप्त किया जाए।

- **संसद में आश्वासनों का कार्यान्वयन**

जून, 2023 माह के अंत में, लोक सभा के 838 (सरकारी आश्वासन समिति, लोक सभा के कहने पर 54 आश्वासनों को मिला कर) और राज्य सभा के 665 आश्वासन लंबित थे।

- **परामर्शदात्री समितियों का कार्यकरण**

जून, 2023 के दौरान-
क. परामर्शदात्री समितियों की 05 बैठकें आयोजित की गईं।

उपरोक्त से संबंधित विवरण **अनुबंध–I** में दिया गया है।

- **लोक सभा में नियम 377 के तहत और राज्य सभा में विशेष उल्लेख के माध्यम से उठाए गए मामलों पर अनुवर्ती कार्रवाई**

भारत सरकार के विभिन्न मंत्रालयों के संबंध में लोक सभा में नियम 377 और राज्य सभा में नियम 180 ए-ई के तहत विशेष उल्लेख के माध्यम से उठाए गए मामलों की स्थिति निम्नानुसार है:-

| | **लोक सभा में नियम 377 के तहत उठाए गए मामले** | **राज्य सभा में नियम 180-ई के तहत विशेष उल्लेख के माध्यम से उठाए गए मामले** |
|---|---|---|
| दिनांक 01.06.2023 को लंबित मामले | 363 | 095 |
| माह के दौरान उठाए गए मामले | 000 | 000 |
| कुल लंबित मामले | 363 | 095 |
| माह के दौरान प्राप्त उत्तर | 130 | 015 |
| शेष मामले | **233** | **080** |

- **युवा संसद योजनाओं के माध्यम से युवाओं को प्रेरित करना**

क. जून, 2023 माह में, कुल 272 संस्थानों ने एनवाईपीएस पोर्टल पर पंजीकरण किया है।

ख. युवा संसद प्रतियोगिता 2023-24 के आयोजन की रूपरेखा पर युवा संसद प्रतियोगिताओं के हितधारकों के साथ 08.06.2023 को आयोजित बैठक में चर्चा की गई।

- **राष्ट्रीय ई-विधान एप्लिकेशन (नेवा)**

जून, 2023 माह के दौरान नेवा के संबंध में निम्नलिखित गतिविधियां की गईं:

(1) **सचिव, संसदीय कार्य मंत्रालय द्वारा गुजरात विधानसभा का दौरा**

सचिव, संसदीय कार्य मंत्रालय ने 2 जून, 2023 को गुजरात विधानसभा का दौरा किया और विधानसभा में नेवा के कार्यान्वयन की स्थिति पर चर्चा करने के लिए गुजरात विधानसभा के अध्यक्ष और सचिव के साथ बैठक की।

(2) **सीपीएमयू नेवा के अधिकारियों द्वारा गुजरात विधानसभा का दौरा**

सीपीएमयू नेवा के 4 अधिकारियों ने 12 से 15 जून, 2023 तक गुजरात विधानसभा, गांधीनगर का दौरा किया, ताकि विधानसभा के अधिकारियों को नेवा प्लेटफॉर्म का उपयोग करके आगामी सत्र के सफलतापूर्वक संचालन के लिए प्रशिक्षण प्रदान किया जा सके।

(3) **वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग आधारित कार्यशाला**

क. सीपीएमयू नेवा टीम ने 7 जून 2023 को हरियाणा विधानसभा के अधिकारियों के लिए नव विकसित प्रश्न प्रबंधन मॉड्यूल पर एक आभासी सम्मेलन आधारित डेमो और चर्चा सत्र का आयोजन किया।

ख. उत्तर प्रदेश विधानसभा के लिए नेवा सॉफ्टवेयर के विधेयक प्रबंधन मॉड्यूल के प्रदर्शन के संबंध में सीपीएमयू नेवा टीम द्वारा 7 जून, 2023 को एक वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग आधारित कार्यशाला का आयोजन किया गया।

ग. सिक्किम विधानसभा के लिए नेवा सॉफ्टवेयर के मोबाइल ऐप, सदस्य मॉड्यूल, प्रश्न संसाधन मॉड्यूल, विभाग मॉड्यूल और ई-लेइंग मॉड्यूल के प्रदर्शन के संबंध में सीपीएमयू नेवा टीम द्वारा 21-22 जून, 2023 को एक वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग आधारित कार्यशाला का आयोजन किया गया।

(4) **नेवा प्लेटफार्म पर विभिन्न विधानसभाओं को उनके सत्रों के संचालन हेतु प्रदान की गई सहायता**

सीपीएमयू नेवा टीम द्वारा बिहार परिषद, पंजाब विधानसभा, ओडिशा और त्रिपुरा की विधानसभाओं को बाधारहित तरीके से नेवा प्लेटफार्म का उपयोग करने के लिए अपेक्षित सहायता प्रदान की गई।

- **प्रोटोकॉल और कल्याण (पी एंड डब्ल्यू)**

  भारत सरकार ने संसदीय कार्य, कोयला एवं खान मंत्री, श्री प्रल्हाद जोशी के नेतृत्व में सद्भावना शिष्टमंडल प्रायोजित किया, जिसमें संसद के दोनों सदनों के 09 सदस्यों ने 11 से 19 जून 2023 के दौरान ब्राजील और उरुग्वे का दौरा किया।

2. लंबे समय तक अंतर-मंत्रालयी परामर्श के कारण रुके हुए महत्वपूर्ण नीतिगत मामले

   -शून्य-

3. तीन महीने से अधिक समय से लंबित 'अभियोजन हेतु स्वीकृति' के मामलों की संख्या

   -शून्य-

4. उन मामलों का विवरण जिनमें कार्य निष्पादन नियमों या सरकार की स्थापित नीति से विचलन शामिल रहा।

   -शून्य-

5. जारी स्वच्छता अभियान की स्थिति (विशेष अभियान के तहत प्रगति)

   गतिविधियां की जा रही हैं और उनका अनुवीक्षण किया जा रहा है।

6. स्वायत्त निकायों के युक्तिकरण की स्थिति

   इस मंत्रालय के तत्वावधान में कोई स्वायत्त निकाय नहीं है।

7. शासन और विकास में अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी आधारित टोल और अनुप्रयोगों के उपयोग हेतु उठाए गए विशिष्ट कदमों की जानकारी

   - लागू नहीं-

8. स्वायत्त निकायों/सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों सहित मंत्रालय/विभाग में वरिष्ठ स्तर की नियुक्तियों की रिक्ति स्थिति

   वर्तमान में मंत्रालय में वरिष्ठ स्तर के सभी पद भरे हुए हैं।

9. उन मामलों की सूची जिनमें एसीसी निर्देशों का अनुपालन नहीं किया गया है

   -शून्य-

10. माह के दौरान स्वीकृत विदेशी प्रत्यक्ष निवेश प्रस्तावों का विवरण और मंत्रालय/विभाग में अनुमोदन की प्रतीक्षा में विदेशी प्रत्यक्ष निवेश प्रस्तावों की स्थिति।

    -शून्य-

अनुबंध– I

जून, 2023 माह में आयोजित परामर्शदात्री समिति की बैठकों का विवरण

| क्र.सं. | दिन, दिनांक और समय | मंत्रालय | विषय | स्थान/टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1. | गुरुवार, 1 जून 2023 सुबह 11:00 बजे | रेल मंत्रालय | (i) भारतीय रेल में खानपान सेवाएं(ii) भारतीय रेल में स्टेशन विकास- अमृत भारत स्टेशन योजना। | मुख्य समिति कक्ष, संसदीय सौध, नई दिल्ली |
| 2. | शुक्रवार, 2 जून 2023, दोपहर 2:00 बजे | मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय | "मोबाइल पशु चिकित्सा इकाइयों के माध्यम से पशु चिकित्सा सेवाओं को मजबूत करना और देश में टीकाकरण कार्यक्रम का कार्यान्वयन" | "शेर-ए-कश्मीर इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस सेंटर (एसकेआईसीसी), श्रीनगर |
| 3. | बुधवार, 7 जून 2023, सायं 4:00 बजे | सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय | "एमएसई-सीडीपी" | समिति कक्ष "घ", संसदीय सौध, नई दिल्ली |
| 4. | शुक्रवार, 16 जून 2023 सुबह 10:30 बजे | रक्षा मंत्रालय | "रक्षा विनिर्माण में आत्मनिर्भरता" | "द लीला पैलेस", कोडिहल्ली, बेंगलुरु। |
| 5. | सोमवार, 19 जून 2023 दोपहर 3:00 बजे | वित्त मंत्रालय | "वित्तीय समावेशन - प्रगति और संभावनाएँ" | समिति कक्ष "ग", संसदीय सौध, नई दिल्ली |